प्रादेशिक समाचार
09.10.2025 (संध्या–1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जेसोवा दिवाली मेला–2025 का किया उद्घाटन, कहा– गरीबों और जरूरतमंदों के कल्याण के लिए जेसोवा की पहल सराहनीय।

2. स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी की अध्यक्षता में रांची में रिम्स शासी परिषद की 61वीं बैठक हुई आयोजित, डॉक्टरों की इंटर्नशिप राशि और एएनएम, जीएनएम की मानदेय में वृद्वि समेत कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

3. धनबाद में इस्पात मंत्रालय के सचिव ने टासरा परियोजना का किया निरीक्षण, पुनर्वास कॉलोनी और कोल वाशरी निर्माण कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश।

4. रामगढ़ में उत्तरी छोटा नागपुर प्रक्षेत्र की पुलिस अधीक्षकों की बैठक संपन्न, दुर्गा पूजा की सुरक्षा, अपराध नियंत्रण और संगठित अपराध रोकने पर हुई चर्चा।

5. मौसम विभाग ने कल राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में वज्रपात और हल्की बारिश की जताई संभावना।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची के मोरहाबादी मैदान में झारखंड आईएएस ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन (जेसोवा) दिवाली मेला–2025 का विधिवत् उद्घाटन किया। इस पांच दिवसीय मेले का उद्देश्य आमदनी के जरिए गरीब और जरूरतमंदों के कल्याण एवं सामाजिक उत्थान के कार्य करना है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जेसोवा द्वारा शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए जा रहे सराहनीय कार्यों की प्रशंसा की और मेले के सफल आयोजन की शुभकामनाएं दी।
मौके पर विधायक कल्पना सोरेन, मुख्य सचिव अविनाश कुमार और जेसोवा पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

****

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी की अध्यक्षता में रांची में रिम्स साशी परिषद की 61वीं बैठक हुई, जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक के तहत रिम्स में इलाज के दौरान मौत होने पर परिजनों को यूपीआई के माध्यम से तत्काल पांच हजार रुपए की सहायता देने और नए मोक्ष वाहन की व्यवस्था शुरू करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा, रिम्स में इंटर्नशिप करने वाले डॉक्टर्स को तीस हजार रुपए भुगतान, एएनएम और जीएनएम की सैलरी बढ़ाने और एमआरआई मशीन की खरीदारी पर भी सहमति बनी। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि मरीजों की संख्या बढ़ने पर उन्हें नई बिल्डिंग में शिफ्ट करने की तैयारी चल रही है और रिम्स की व्यवस्थाओं में लगातार सुधार किया जा रहा है।

****

धनबाद में भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय के सचिव संदीप पौंड्रिक ने टासरा परियोजना का निरीक्षण कर विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने पुनर्वासन कॉलोनी के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए और परियोजना के प्रथम चरण में 295 एकड़ भूमि अधिग्रहण तथा कोल वाशरी के निर्माण की जानकारी ली। सचिव ने परियोजना अधिकारियों को समयबद्ध कार्य और राज्य–केंद्र सरकार से सहयोग सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया।

****

रांची में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड द्वारा आयोजित "नेशनल पीआर कॉनक्लेव–2025" का सफल समापन हुआ, जिसमें डिजिटल युग में जनसंपर्क के नवाचार, सहभागिता और प्रभावी संवाद पर विभिन्न सत्र आयोजित किए गए। मौके पर मुख्य अतिथि सीएमडी सीसीएल निलेंदु

कुमार सिंह और अन्य अधिकारियों ने संवाद, सीएसआर और समाज से जुड़ाव के महत्व पर जोर दिया।

****

झारखंड हाईकोर्ट ने चाईबासा सिविल कोर्ट में राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले में जारी संज्ञान आदेश को रद्द कर दिया। कोर्ट ने मामला पुनर्विचार के लिए निचली अदालत को भेजा और कहा कि निचली अदालत का संज्ञान लेना सत्र न्यायालय के हस्तक्षेप से प्रभावित था। राहुल गांधी की ओर से दायर दलील को मान्यता देते हुए हाईकोर्ट ने संज्ञान आदेश को कानूनी रूप से गलत मानते हुए रद्द किया।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित और पिछले महीने की 22 तारीख को शुरू हुआ जीएसटी बचत उत्सव समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है।

****

रामगढ़ में उत्तरी छोटा नागपुर प्रक्षेत्र की अंतर जिला पुलिस स्तरीय बैठक आईजी सुनील भास्कर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सात जिले के पुलिस अधीक्षक और पतरातू एसडीपीओ शामिल हुए और दुर्गा पूजा के सुरक्षित आयोजन, क्राइम आंकड़े, नारकोटिक और संगठित अपराध रोकने जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। आईजी सुनील भास्कर ने कहा कि सभी पुलिस अधीक्षक को सुरक्षा और अपराध नियंत्रण के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

****

बोकारो जिले के सरकारी और निजी विद्यालयों में अब योग की भी शिक्षा प्रदान की जाएगी।

****

मौसम विभाग के पूर्वानुमान अनुसार कल राजधानी रांची समेत धनबाद, बोकारो, गिरिडीह, सिंहभूम, खूंटी, गुमला, हजारीबाग, रामगढ़ और सिमडेगा में दोपहर बाद वज्रपात और हल्की बारिश हो सकती है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि परिस्थितियाँ अनुकूल रहने पर 12 से 14 अक्टूबर के बीच राज्य में मॉनसून पूरी तरह लौटने की संभावना है।

********समाप्त*********